भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5355

उत्तर देने की तारीख 25 जुलाई, 2019
3 श्रावण, 1941 (शक)

ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभा को प्रोत्साहन

5355. श्री सुनील कुमार पिंटूः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देशभर में विशेष रूप से बिहार में ग्रामीण इलाकों में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने हेतु चलाई जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है जिससे वे राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा लेने योग्य बन सकें; और

(ख) ग्रामीण क्षेत्रों विशेषकर बिहार से राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों का राज्य/क्षेत्र-वार और खेल-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण बिहार में खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने, पहचान करने और पोषण करने सहित खेलों के संवर्धन का उत्तरदायित्व मुख्यतः राज्य सरकार का होता है। केंद्रीय सरकार राष्ट्रीय खेल परिसंघ (एनएसएफ) को सहायता, भारतीय खेल प्राधिकरण(साई) केंद्रों में विशेषज्ञ प्रशिक्षण और खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत सहायता प्रदान करके राज्य सरकार के प्रयासों की पूर्ति करती है। बिहार में साई प्रशिक्षण केंद्रों और इस समय केंद्रों में लाभ प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों से संबंधित सूचना अनुबंध में दी गई है ।

(ख) राष्ट्रीय/ अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे खिलाड़ियों की सूचना रीजन/ क्षेत्र-वार नहीं रखी जाती है।

*****

अनुबंध

ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभा को प्रोत्साहन के संबंध में श्री सुनील कुमार पिंटू, माननीय संसद सदस्य द्वारा दिनांक 25.07.2019 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5355 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

वर्ष 2018-19 **के दौरान बिहार राज्य में साई की स्कीमों के प्रशिक्षुओं का विवरण**

सेना बाल खेल कंपनी (एबीएससी) स्कीम

क्र. सं.	राज्य/ केंद्र का नाम	खेल विधा	आवासीय			गैर-आवासीय		
			बी	जी	टी	बी	जी	टी
	बिहार							
1	बिहार रेजिमेंट सेंटर, दानापुर	फुटबाल	10	0	10	0	0	0
		हाकी	91	0	91	0	0	0
		कुल :	**101**	**0**	**101**	0	0	0

साई प्रशिक्षण केंद्र(एसटीसी) स्कीम

	बिहार							
1	पटना	टेबल टेनिस	0	0	0	0	0	0
		ताइक्वांडो	13	0	13	0	03	03
		वुशु	24	0	24	0	0	0
		कुल:	**37**	**0**	**37**	**0**	**03**	**03**

विशेष क्षेत्र खेल (एसएजी) स्कीम

	बिहार							
1	किशनगंज	एथलेटिक्स	07	0	07	0	0	0
		ताइक्वांडो	0	0	0	01	08	09
		वालीबाल	19	0	19	0	0	0
		कुल :	**26**	**0**	**26**	**01**	**08**	**09**
2	गिद्दोर	एथलेटिक्स	06	0	06	0	0	0
		फुटबाल	26	0	26	0	0	0
		वालीबाल	13	0	13	0	0	0
		कुल:	45	0	45	0	0	0
		सकल योग:	**71**	**0**	**71**	**01**	**08**	**09**

सारांश

क्र. सं.	स्कीम	केंद्रों की सं.	आवासीय			गैर-आवासीय		
			बी	जी	टी	बी	जी	टी
1	एबीएससी	01	101	0	**101**	0	0	**0**
2	एसटीसी	01	37	0	**37**	00	03	**03**
3	एसएजी	02	71	0	**71**	01	08	**09**
	कुल :	**4**	**209**	**0**	**209**	**1**	**11**	**12**

*****